नवभारत

अंतरराष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंट में शारदा तिवारी ने जीता गोल्ड

■ **देवलाली कैम्प, (सं).** केंद्रीय विद्यालय नं. 1, देवलाली के छात्र शारदा प्रसाद तिवारी ने अंतरराष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंट (17 उम्र के नीचे) स्पर्धा में सोनेरी पदक (गोल्ड मेडल) हासिल किया. कैप्टन शिप के अंतर्गत दूसरी अंतरराष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंट (17 उम्र के नीचे) 20 से 23 फरवरी 2022 को पोखारा, नेपाल में आयोजित की गई थी, जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय विद्यालय नं. 1, देवलाली के छात्र शारदा प्रसाद तिवारी ने किया. तिवारी ने नेपाल के प्रतिनिधि को हार का स्वाद चखाते हुए 51-49 अंक से स्पर्धा को जीतते हुए सोनेरी पदक हासिल किया. तिवारी को

विद्यालय के खेल शिक्षक जी.क्यू. उस्मानी ने मार्गदर्शन किया. केंद्रीय विद्यालय नं. 1, देवलाली के प्राचार्य राजेश कुमार, उपप्राचार्य परमदेव यादव सहित सभी शिक्षकों ने शारदा प्रसाद तिवारी का अभिनंदन किया.

Nasik Edition
03-march-2022 Page No. 2
epaper.enavabharat.com